>

Title: Need to provide funds for construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Kaushambi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): देश के विकास में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। जनपद कौशाम्बी, प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) में आज भी बहुत सी ग्राम तथा पुरवों की सड़के हैं, जो मुख्य मार्गो से नहीं जुड़ी हैं। मैं चाहूंगा कि इस वित्तीय वर्ष में जो प्रस्ताव जनपद से बनकर गए हैं, उन पर तत्काल कार्रवाई कर उपरोक्त दोनों जनपदों में बजट भेज कर फेस-1 से लेकर लम्बी दूरी की सड़कों का तत्काल निर्माण कार्य कराने की व्यवस्था करें।